भारत सरकार
रेल मंत्रालय

सत्यमेव जयते

<u>केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. 01/2019 (NTPC) एवं RRC-01/2019(Level-1)</u>

सूचना

जैसा कि अभ्यर्थियों को ज्ञात है कि दिनांक 26.01.2022 की सूचना के द्वारा NTPC (CEN - 01/2019) के द्वितीय चरण की CBT परीक्षा जो 15 फरवरी 2022 से प्रारम्भ होनी थी तथा Level-1 (CEN – RRC-01/2019) के प्रथम चरण की CBT परीक्षा जो दिनांक 23 फरवरी 2022 से प्रारम्भ होने वाली थी, इन दोनों परीक्षाओं को स्थगित किया गया है। साथ ही एक उच्चाधिकार समिति का गठन किया गया जो इन दोनों परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए मुद्दे और संशयों की जांच करके अपनी अनुशंसा देगी। अभ्यर्थी अपने सुझावों को Email ID – rrbcommittee@railnet.gov.in पर भेज सकते हैं।

इस संदर्भ में जो उम्मीदवार रेल भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर के माध्यम से अपना सुझाव/संशय उच्चाधिकार समिति के समक्ष भेजना चाहते हैं वे Email ID – rrbmfp-bih@nic.in पर अपना रौल नम्बर (NTPC)/Registration Number (Level-1, CEN – RRC-01/2019) एवं नाम देते हुए अपना सुझाव दिनांक 16.02.2022 तक उपरोक्त Email के माध्यम से भेज सकते हैं।

जो अभ्यर्थी रेल भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर में आकर अपना सुझाव देना चाहते हैं वे दिनांक 16.02.2022 तक 10.00 बजे से 18.00 (संध्या 06.00) बजे तक प्रत्येक दिन (शनिवार एवं रविवार को भी) रेल भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर कार्यालय में आकर अपना सुझाव दे सकते हैं अथवा अध्यक्ष/सहायक सचिव से मिलकर अपना सुझाव नोट करा सकते हैं या **<u>वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी/मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सोनपुर या समस्तीपुर</u>** में अपना सुझाव दे सकते हैं। समय–सीमा के अन्दर अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए सुझावों को उपरोक्त उच्चाधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

दिनांक : 27.01.2022

अध्यक्ष
रेल भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर